# बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

क्रमांक 467/प्रशा0/सु0नि0/2016 भोपाल, दिनांक 4/3/2016

## विश्वविद्यालय परिसर की सुरक्षा व्यवस्था हेतु निविदा आमंत्रण सूचना

विश्वविद्यालय परिसर सुरक्षा व्यवस्था हेतु पूर्व में जारी की गई निविदा आमंत्रण सूचना द्वारा की गई समस्त निविदा प्रकिया को निरस्त करते हुए, विश्वविद्यालय परिसर एवं परिसर मे स्थित समस्त भवनों की निरंतर 24 घंटे संपूर्ण सुरक्षा व्यवस्था हेतु पंजीकृत एवं अनुभवी सुरक्षा ऐजेंसियों से दिनांक 07-04-2016 के अपरान्ह 01.00 बजे तक पुनः सील बन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र एवं अन्य शर्तों की जानकारी कार्यालयीन दिवसों में विश्वविद्यालय के सुरक्षा शाखा से दिनांक 05-03-2016 से दिनांक 04-04-2016 के सायं 04:00 बजे तक रू. 5000/– निविदा शुल्क बैंक ड्राफ्ट (कुलसचिव, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल के नाम) द्वारा जमा कर प्राप्त की जा सकती है अथवा विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.bubhopal.nic.in से डाउनलोड किये जा सकते है। जमा करते समय रू. 5000/– का ड्राफ्ट संलग्न किया जावे।

कार्य. कुलसचिव
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय
होशंगाबाद रोड, भोपाल

## विश्वविद्यालय परिसर की सुरक्षा व्यवस्था के लिये निजी सुरक्षा ऐजेंसी/कंपनी का चयन संबंधी निविदा दस्तावेज।

दस्तावेज क्रमांक ..........................
दस्तावेज प्राप्त करने वाली संस्था का नाम ..........................

सभी निविदाकारों से अनुरोध है कि वे निविदायें भरने/प्रस्तुत करने के पूर्व निविदा से संबंधित समस्त अर्हतायें, शर्तें एवं कार्य से संबंधित प्रकिया के बारे में दिये गये विवरणों को सावधानी पूर्वक पढ लें एवं विश्वविद्यालय परिसर में संपूर्ण कार्यस्थल का भ्रमण कर कार्य के संबंध में समस्त जानकारी स्पष्ट प्राप्त करलें। निविदा के संबंध मे किसी स्पष्टीकरण एवं शंका समाधान के लिए दिनांक 30-03-2016 को अपरान्ह 3.00 बजे कक्ष कमांक सभा कक्ष (अकादमी) में प्री–बिड मीटिंग आयोजित की गई है। जिसमें ऐसे निविदाकार अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि भाग ले सकते है जिन्होने निविदा प्रपत्र कय कर लिया है। यदि निविदा की शर्तो के संबंध में कोई शंका/प्रश्न हो अथवा जानकारी प्राप्त करना हो तो निविदाकार कार्यालयीन समय पर प्रभारी सुरक्षा अधिकारी बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल के कक्ष कमांक —— में संपर्क कर समाधान/निराकरण करवा सकते है।

नोट : यह निविदा दस्तावेज अहस्तान्तरणीय है।

मूल्य रू. 5000/– (पांच हजार मात्र)

# बरकतउल्ला विश्वविद्यालय
## होशंगाबाद रोड, भोपाल

(अ) कार्य का परिचय :–

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, होशंगाबाद मार्ग (एन0एच0 12) पर स्थित है। परिसर का क्षेत्रफल लगभग 350 एकड का है। इस परिसर में सत्य भवन, विभिन्न शैक्षणिक भवन, 05 छात्रावासों, अधिकारी एवं कर्मचारियों के आवास गृह, अतिथि गृह आदि है। विश्वविद्यालय परिसर की सुरक्षा हेतु कम से कम 09 (1) सुपरवाईजर, 90 सुरक्षा कर्मी (तीन पारियों हेतु कुल संभावित संख्या) की सेवाओं के लिये निविदा प्रपत्र कार्यालयीन दिवस एवं समय में बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के सुरक्षा शाखा से दिनांक 05-03-2016 से दिनांक 04-04-2016 के सायं 4:00 बजे तक रू. 5000/– (पांच हजार मात्र) का बैंक ड्राफ्ट कुलसचिव, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल के नाम जमा कर प्राप्त किया जा सकता है। निविदाए दिनांक 07-04-2016 को अपरान्ह 01:00 बजे तक ~~सुरक्षा विभाग~~ प्रशासन में जमा कराई जायेगी और दिनांक 11-04-2016 के अपरान्ह 3:00 बजे अकादमी शाखा के हाल में खोली जावेंगी। सुरक्षा ऐजेंसी निविदा के साथ रू. एक लाख का बैंक ड्राफ्ट जो कुलसचिव, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल के नाम से देय हो, जो कि धरोहर राशि/सुरक्षा निधि के रूप में निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न कर जमा करना होगा। चयनित होने वाली एजेंसी को इस राशि अर्थात् एक लाख में दो लाख अतिरिक्त जोड़कर रू. 3,00,000/– सुरक्षा निधि के रूप में विश्वविद्यालय में जमा करना होगा। यह राशि विश्वविद्यालय में कार्यरत होने की तिथि तक जमा रहेगी। जिस पर कोई ब्याज निविदाकर्त्ता को देय नही होगा।

निविदा तीन लिफाफा पद्धति में जमा करना होगा। लिफाफा 'अ' में धरोहर राशि का ड्राफ्ट एंव निविदा पत्र रखना होगा। लिफाफा 'ब' में तकनीकी जानकारी एवं सभी प्रपत्र व प्रमाण पत्र रखना होगा। लिफाफा 'स' में वित्तीय निविदा का विवरण रखना होगा एवं तीनों लिफाफे एक बडे लिफाफे में रखकर उपर लिखें "सुरक्षा कार्य हेतु निविदा"

सर्वप्रथम लिफाफा 'अ' खोला जायेगा जिसमें सुरक्षानिधि एवं निविदा प्रपत्र के मूल्य के डिमांड ड्राफ्ट प्राप्त होने पर ही लिफाफा 'ब' खोला जावेगा।

सुरक्षा एजेंसी द्वारा निविदा के साथ संलग्न लिफाफा 'ब' में अंकित तकनीकी जानकारी निविदा की पात्रता एवं शर्तों के अनुरूप पाये जाने पर ही संबंधित सुरक्षा एजेंसी की वित्तीय निविदा लिफाफा 'स' खोला जावेगा। जो सुरक्षा एजेंसी तकनीकी रूप से योग्य नही पाई जाती, तो उनकी वित्तीय निविदा लिफाफा 'स' नही खोला जावेगा।

# बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, होशंगाबाद रोड़, भोपाल

## इसे लिफाफा 'अ' में रखे
## धरोहर राशि का प्रपत्र

| क्र0 | विवरण | |
|---|---|---|
| 1 | निविदाकर्ता संस्थान का नाम | |
| 2 | कार्यालय का पता पिनकोड सहित | |
| 3 | दूरभाष नं0 कार्यालय | |
| 4 | संस्था के मुख्य अधिकारी का नाम एवं पदनाम, मोबाइल नं0 सहित | |
| 5 | पत्र व्यवहार का पूर्ण पता<br><br>Email - | |
| 6 | स्थायी पता | |
| 7 | धरोहर राशि का विवरण बैंक ड्राफ्ट क्र0 एवं दिनांक तथा बैंक का नाम<br>(बैंक ड्राफ्ट संलग्न करें) रू0 1,00,000/–<br>(एक लाख) | |
| 8 | निविदा प्रपत्र अगर विश्वविद्यालय वेबसाइट से डाउनलोड किया गया है तो बैंक ड्राफ्ट कमांक एवं दिनांक तथा बैंक का नाम<br>रू0 5000/– | |

हस्ताक्षर: ........................................

नाम : ........................................

पद : ........................................

पता : ........................................

सील : ........................................

# बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, होशंगाबाद रोड, भोपाल

## लिफाफा 'ब' में रखें

उन संस्थाओं का विवरण जहाँ सुरक्षा ऐजेंसी वर्तमान में सुरक्षा प्रदान कर रही हैं।

| | | | | | संलग्न क के पृ.क. |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | निविदाकर्त्ता संस्था का नाम | | | | |
| 2 | कार्यालयीन पता | | | | |
| 3 | दूरभाष न. (लैण्डलाईन) | | | | |
| 4 | मोबाइल न. | | | | |
| 5 | वर्तमान में सुरक्षा ऐजेंसी के साथ कितने कर्मचारी काम करते है | सुरक्षाकर्मी ( संख्या ) | सुरक्षा सुपरवाईजर संख्या | अन्य | |
| 6 | सुरक्षा ऐजेंसी द्वारा न्यूनतम पारिश्रमिक कितना दिया जाता है। | सुरक्षाकर्मी ( रूपयों में ) | सुरक्षा सुपरवाईजर ( रूपयों में ) | अन्य | |
| 7 | सुरक्षा ऐजेंसी के पास कार्यरत कर्मचारियों में से कितने भूतपूर्व सैनिक है (संख्या लिखें) | भूतपूर्व सैनिकों की संख्या | कितने सुरक्षा कार्यो में निविदा के साथ संलग्न हैं। | अन्य | |
| 8 | श्रम विभाग का पंजीयन कमांक, दिनांक एवं वैद्यता (पंजीयन दस्तावेज की स्वसत्यापित फोटो प्रतियां संलग्न करें) | | | | |
| 9 | प्राइवेट सिक्युरिटी ऐजेंसीज (रेग्यूलेशन) एक्ट 2005 का वैद्य रजिस्ट्रेशन व वैद्यता (पंजीयन दस्तावेज की स्वसत्यापित फोटो प्रतियां संलग्न करें) | | | | |
| 10 | कर्मचारी भविष्य निधि कार्यालय का पंजीयन कमांक (पंजीयन दस्तावेज की स्वसत्यापित फोटो प्रतियां संलग्न करें) | | | | |
| 11 | कर्मचारी राज्य बीमा निगम का पंजीयन कमांक (पंजीयन दस्तावेज की स्वसत्यापित फोटो प्रतियां संलग्न करें) | | | | |
| 12 | सर्विस टैक्स खाता कमांक (पंजीयन दस्तावेज की स्वसत्यापित फोटो प्रतियां संलग्न करें) | | | | |
| 13 | आयकर नम्बर (पीएएन नम्बर) | | | | |
| 14 | अंकेक्षित लेखों का सारांश भाग **ब** बिन्दु 1 के अनुसार | | | | |
| 15 | विगत 5 वर्ष की आयकर विवरणी की पावती, जो आयकर विभाग द्वारा जारी की गई हो की स्वसत्यापित छाया प्रति | | | | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 16 | म.प्र. श्रम कल्याण मंडल में अंशदान अदायगी प्रमाण पत्र वित्त वर्ष 2012—13 अथवा उसके पूर्व का | | | |
| 17 | 25 लाख की बैंक सालवेंसी प्रमाण—पत्र जो निविदा जारी होने की तिथि के पूर्व का हो | | | |
| 18 | Tin No. | | | |
| 19 | 300 सुरक्षा कर्मियों से कार्य कराने का प्रमाण पत्र | | | |
| 20 | 150 सुरक्षा कर्मियों ईपीएफ कटोत्रा का प्रमाण पत्र विगत छः माह का | | | |
| 21 | 150 सुरक्षा कर्मियों ईएसआईसी कटोत्रा का प्रमाण पत्र विगत छः माह का | | | |
| 22 | 150 सुरक्षा कर्मियों सर्विस टैक्स जमा करने का प्रमाण पत्र विगत छः माह का | | | |
| 23 | न्यूनतम 50 श्रमिकों से कार्य कराने का लेबर लायसेंस जो निविदा के तिथि के पूर्व का हो। | | | |
| | | | | |
| 23 | सुरक्षा कार्यों में सुरक्षा ऐजेंसी के सुरक्षा कार्यों का अनुभव । अनुभव से सम्बंधित सत्यापित प्रमाण पत्र संलग्न करें। | संस्था का नाम एवं पता | अवधि<br>दिनांक से ———<br>दिनांक तक———<br>कुल अवधि ———<br>वर्ष —— माह —— | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

संलग्न दस्तावेजों का विवरण :—

| | | |
|---|---|---|
| 1. PAN की प्रति | 2. श्रम विभाग से पंजीयन प्रमाण—पत्र | 3. EPF पंजीयन प्रमाण—पत्र |
| 4. ई.एस.आई.सी. का पंजीयन | 5. सर्विस टैक्स का पंजीयन | 6. संस्था का पंजीयन |
| 7. सुरक्षा प्रदान करने नियम 2005 के अन्तर्गत पंजीयन | 8. सी.ए. द्वारा प्रदत्त बैलेन्स शीट / आडिट रिपोर्ट 2013—14 वित्त वर्ष | 9. आयकर विवरणी पांच वित्त वर्ष 10—11 से 2014—15 वित्त वर्ष |
| 10. 150 सुरक्षा कर्मियों के कार्य संबंधी आदेश / कार्यानुभव | 11. EPF/ESIC जमा करने के प्रमाण—पत्र | 12. 25 लाख की बैंक सालवेंसी प्रमाण—पत्र जो निविदा जारी होने की तिथि के पूर्व का हो |
| 13. Tin No. | इत्यादि. | |

मेरे / हमारी संस्था द्वारा निविदा कि साथ संलग्न सभी नियम / शर्तो सावधानी पूर्वक अध्ययन की ली गयी हैं एवं निविदा शर्तो का कड़ाई से पालन स्वीकार्य है।

स्थान : ..........................

दिनांक : ..................................

(हस्ताक्षर)

नम ......................................

पद ............................

(संस्था की सील सहित)

# लिफाफा ' ब ' में रखें

(ब) <u>सुरक्षा व्यवस्था हेतु निविदा पात्रता की शर्तें</u> :– जिनके अभाव में निविदा आवेदन निरस्त कर दिया जायेगा ।

1. सुरक्षा ऐजेंसी के पास मध्यप्रदेश में सुरक्षा सेवा प्रदान करने हेतु प्राइवेट ऐजेन्सी विनियमन अधिनियम 2005 के तहत लाइसेन्स होना अनिवार्य है। इसके अलावा एजेन्सी का पंजीयन ई0पी0एफ0, ई0एस0आई0सी0 एवं सर्विस टैक्स विभागों के साथ भी होना चाहिए। आवश्यक प्रमाण निविदा के साथ संलग्न करना होगा।
2. सुरक्षा ऐजेन्सी का सुरक्षा व्यवस्था के क्षेत्र में, कम से कम 5 वर्षो का अनुभव होना चाहिये एवं सुरक्षा के क्षेत्र में पिछले पांच वर्षो में से किन्ही दो वर्षो में प्रत्येक का टर्नओव्हर इस निविदा के सालाना प्राक्कलित मूल्य अर्थात रू. 2.00 करोड़ (दो करोड़ मात्र) से कम नही होना चाहिये एवं संस्था की वित्त वर्ष 10–11, 11–12, 12–13, 13–14, एवं 14–15 की किसी पंजीकृत चारटर्ड अकाऊंटेंट द्वारा दिया गया प्रमाण पत्र संलग्न प्रारूप– में प्रस्तुत करें। जिससे प्रमाणित हो सके कि संस्था का सिर्फ सुरक्षा कार्य का टर्न ओवर प्रत्येक वर्ष रू. 2 करोड़ है।
3. विगत पांच वर्षो के अंकेक्षित लेखों का संलग्न प्रारूप में सारांश जिसमें समान कार्य के टर्नओवर की राशि का प्रमाणीकरण चार्टर्ड अकाउन्टेंट द्वारा किया गया हो (प्रारूप संलग्न)

   **स्पष्टीकरण – सिर्फ सुरक्षा कार्य का टर्न ओवर ही संलग्न करें । सफाई कर्मियो एवं अन्य कार्यो से सम्बधित राशि जोड़ने पर निविदा निरस्त कर दी जावेगीं ।**
4. विगत वर्षो मे किसी एक वर्ष में शासकीय विभाग, उपक्रम, संघ आदि में कम से कम 300 सुरक्षा कर्मियो से सुरक्षा कार्य कराने का अनुभव एवं कार्यादेश संलग्न करना अनिवार्य है। किसी एक शासकीय विभाग, उपक्रम, संघ आदि में कम से कम 300 सुरक्षा कर्मियो से सुरक्षा कार्य कराने का अनुभव रखने वाले सुरक्षा एजेंसी को प्राथमिकता दी जायेगी ।
5. संस्था द्वारा प्रतिमाह न्यूनतम 150 कर्मियों का ई.पी.एफ., इ.एस.आई.सी. एवं सेवा कर (सर्विस टेक्स) जमा करने का विगत 06 माह का ई.सी.आर. एवं चालान की कॉपी संलग्न करना अनिवार्य है।
6. सुरक्षा ऐजेन्सी के विरूद्ध कोई अपराधिक प्रकरण लंबित नहीं होना चाहिए साथ ही उसे किसी अपराधिक मामले में किसी सक्षम न्यायालय द्वारा सीधे दोषी नहीं ठहराया गया हो। प्रमाण पत्र संलग्न करें ।
7. निविदा के साथ धरोहर राशि बैंक ड्राफ्ट के रूप में संलग्न करना अनिवार्य है। बिना धरोहर राशि के जमा की गई निविदाए अस्वीकार कर दी जावेगी।
8. निविदाकर्ता द्वारा दी गई कोटेशन की दर कार्यालय कलेक्टर जिला–भोपाल मध्यप्रदेश द्वारा दैनिक वेतन भोगी श्रमिकों एवं कर्मचारियों हेतु जारी आदेश मे उल्लेखित दरों में दी गई दर से कम नही होना चाहिये एवं निविदा जारी होने की तिथि पर लागू दरों से कम नही होना चाहिए। (पत्र की प्रति विश्वविद्यालय की वेब साइट bubhopal.nic.in पर निविदा प्रपत्र के साथ दी गई है) चूंकि उपरोक्त दरें समय–समय पर पुनरीक्षित की जाती है अतः सुरक्षा अनुबन्ध की अवधि में किसी भी समय देय दरें भारत शासन द्वारा मान्य दरों से कम नहीं होगी इस हेतु अनुबंध कर्त्ता द्वारा बढ़ी हुई दरों का आदेश प्रस्तुत करने पर विश्वविद्यालय तदनुसार भुगतान करने बाध्य होगा ।

9. निविदाकर्ता यदि उपर्युक्त बिन्दु 8 में दर्शाये उपबन्ध को अतिक्रमण करते हुए कम दरें कोट करता है तो ऐसी निविदा को संक्षेपत रूप से बिना कोई कारण बताए अस्वीकार कर दिया जाएगा एवं उस पर किसी प्रकार का कोई विचार नही किया जाएगा।

10. वित्तीय बिड प्रपत्र 6 के सरल क्रमांक 7 मे निविदाकर्त्ता संस्था को सेवा शुल्क की मासिक दरें निर्धारित प्रपत्र में प्रदाय करना होगा। शून्य सेवा शुल्क अमान्य किया जायेगा।

11. निविदा प्रपत्र मे किसी भी प्रकार का ओवर रायटिंग / काट छांट होने पर निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। सशर्त अथवा अधूरे भरे हुये निविदा प्रपत्र मान्य नहीं किए जाएगें।

12. वित्तीय निविदा प्रपत्र में निविदाकार के द्वारा लिये जाने वाले सेवा शुल्क की मासिक राशि सम्मिलित कर दर्शायी जाएगी। सफल निविदाकार का चयन सेवा शुल्क की राशि के आधार पर किया जायेगा। अतः निविदाकार द्वारा यह सुनिश्चित करना होगा कि सेवा शुल्क में बायोमैट्रिक मशीन का व्यय भी सम्मिलित किया जाए। इस संबंध में पृथक से कोई राशि देय नही होगी।

13. यह निविदा प्रस्ताव निविदा खोलने की तिथि से 180 दिनों तक वैद्य रहेगा।

14. निविदा जारी होने की तिथि से पूर्व तिथि की 25 लाख की बैंक सालवेन्सी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

15. निविदा प्रपत्र मे प्रस्तुत की गई दरों मे समस्त प्रकार के कर शामिल होना चाहिये। किसी भी कर का अलग से भुगतान नही किया जावेगा। सम्मिलित करों की कटौत्री के बाद भी मासिक सेवा शुल्क की राशि रूपये के गुणांक में होना आवश्यक है।

16. परासा एक्ट के तहत सुरक्षा कर्मियों के प्रशिक्षण प्रमाण पत्र संलग्न करें।

17. संलग्न दस्तावेजों का सबंधित विभाग से सत्यापन कराया जायेगा।

18. न्यूनतम 50 श्रमिकों से कार्य कराने का लेबर लायसेंस आवश्यक रूप से संलग्न करें जो निविदा के तिथि के पूर्व का हो।

(स) <u>अन्य कार्य विवरण</u> एवं सुरक्षा एजेंसी के दायित्व :-

1. सुरक्षा ऐजेंसी को 100 या उससे अधिक सुरक्षाकर्मी उपलब्ध कराना होगा।

2. सुरक्षा का महत्वपूर्ण स्थान/संवेदनशील स्थान, मुख्य द्वार, गोपनीय शाखा का प्रवेश द्वार, प्रशासनिक भवन, कर्मचारी आवास के पीछे का प्रवेश द्वार, विश्वविद्यालय के 05 छात्रावास, इन्जीनियरिंग संस्थान, फार्मेसी विभाग, ज्ञान विज्ञान भवन, शैक्षणिक विभाग, अधिकारियों के आवास, गेस्ट हाऊस आदि है तथा इन स्थानों पर 24 घंटे (तीन पारियों में) सुरक्षाकर्मी तैनात किया जाना होगा।

3. निविदाकार सुरक्षा एजेन्सी का यह कर्तव्य होगा कि विश्वविद्यालय परिसर मे अवांछित व्यक्तियों का प्रवेश न होने पाये एवं समय-समय पर विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा जारी किये गये निर्देशों का पालन करना होगा।

4. सुरक्षा ऐजेन्सी का यह दायित्व होगा कि विश्वविद्यालय परिसर का दुरुपयोग न हो अनाधिकृत पार्किंग न की जावे तथा बिना अनुमति के परिसर में किसी प्रकार ठेला

या दुकान या अन्य व्यापार न प्रारंभ किये जावें। सेल्समेन आदि को भी रोकना होगा।

5. सुरक्षाकर्मी की ड्यूटी 8-8 घंटे में परिवर्तन किये जाने की जवाबदारी सुरक्षा ऐजेन्सी की होगी एवं किसी सुरक्षा कर्मी की एक माह में 36 से अधिक ड्युटी नही होगी ।

6. सुरक्षाकर्मियों की रहने की व्यवस्था सुरक्षा एजेंसी को स्वयं करनी होगी। विश्वविद्यालय की ओर से कोई आवास की व्यवस्था नहीं की जावेगी।

7. ठेके दौरान सुरक्षा एजेंसी किसी सब एजेंसी से कार्य नहीं करायगी।

(द) सामान्य :-

1. सुरक्षा ऐजेंसी का भुगतान प्रतिमाह उसके देयक के आधार पर कार्य का सत्यापन करने के उपरान्त किया जायेगा।

2. करों की कटोत्री विश्वविद्यालय द्वारा भुगतान के पूर्व एट सोर्सेस किया जायेगा किन्तु इसका तात्पर्य यह नहीं है कि जो टेक्स विश्वविद्यालय द्वारा एट सोर्सेस काटे गये हैं उनके दायित्व से निविदाकार को मुक्त माना जावे।

3. समस्त प्रकार के करों को चुकाने की जिम्मेदारी सुरक्षा ऐजेन्सी की होगी।

4. सुरक्षाकर्मी कार्य की अवधि में किसी प्रकार से दुर्घटनाग्रस्त हो जाता है तो उसकी संपूर्ण जिम्मेदारी सुरक्षा ऐजेन्सी की होगी।

5. सुरक्षा ऐजेन्सी द्वार दी जाने वाली सुरक्षा व्यवस्था का आंकलन बायोमेट्रिक पद्धति से भी किया जायेगा। इसके असंतोषजनक पाये जाने पर मासिक भुगतान से उपस्थिति के अनुपात में कटोत्रा किया जायेगा। सुरक्षा व्यवस्था असंतोषजनक पाये जाने पर अथवा विश्वविद्यालय की चल एवं अचल संपत्ति का अनुबंध की अवधि में नुकसान होने पर ऐसे नुकसान के लिए भरपाई एजेंसी द्वारा जमा धरोहर/सुरक्षा निधि को राज-सात कर तथा अन्य देयकों के भुगतान से कटोत्री की जावेगी। बायोमेट्रिक मशीन एवं उसका रखरखाव सुरक्षा ऐजेंसी अपने स्वयं के व्यय पर करेगी।

6. किसी भी निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने की शक्ति विश्वविद्यालय को होगी। निविदाकार तथा विश्वविद्यालय के मध्य कोई विवाद अथवा भ्रम की स्थिति उत्पन्न होने पर कुलपतिजी का निर्णय अंतिम होगा तथा दोनों पक्षों को मान्य होगा।

7. निविदाकर्ता द्वारा सुरक्षा व्यवस्था में संलग्न कर्मियों की योग्यता एवं सुरक्षा कार्य की गुणवत्ता का, समय-समय पर विभागीय समिति द्वारा निरीक्षण किया जायेगा तथा सुरक्षा कार्य की गुणवत्ता में कमी पाये जाने पर धरोहर राशि से शास्ति काटकर निविदा को निरस्त किया जा सकता है।

8. निविदा के शर्तो के उल्लंघन अथवा संबंधित सुरक्षाकर्मियों की कार्य पर से अनुपस्थिति अथवा कार्यालयीन समय पर अभद्र व्यवहार, सुरक्षा व्यवस्था में लापरवाही, अनुशासनहीनता अथवा नशे की हालत में पाये जाने पर विश्वविद्यालय द्वारा सुरक्षा एजेंसी पर निम्नानुसार क्षतिपूर्ति का राशि वसूल की जा सकेगी।

| कमांक | विवरण | क्षतिपूर्ति की राशि प्रतिदिन, प्रति गार्ड (रूपये) |
|---|---|---|
| 1 | सुरक्षाकर्मी यूनीफार्म में न होने पर | 200/- |
| 2 | सुरक्षाकर्मी के पास सीटी, डंडा, टार्च न होन पर | 200/- |
| 3 | सुरक्षाकर्मी के अनुपस्थित होने पर | 200/- |
| 4 | सुरक्षाकर्मी के पास आई०कार्ड न होने पर | 200/- |
| 5 | सुपरवाईजर के पास वॉकी-टॉकी/मोबाईल फोन न होने पर | 500/- |
| 6 | अभद्र व्यवहार, सुरक्षा व्यवस्था में लापरवाही, अनुशासनहीनता अथवा नशे की हालत में पाये जाने पर | 1000/- से 10000/- |
| 7 | अकादमी परिसर की संपत्ति को नुकसान पहुंचाने पर क्षतिपूर्ति | 1000/- से 10000/- |
| 8 | संस्था द्वारा अनुबंध की शर्तो के उल्लंघन या अकादमी के निर्देशों को न मानने पर | 10000/- या निविदा निरस्त करते हुए धरोहर राशि राजसात की जायेगी। |
| 9 | परिसर में चोरी होने पर | क्षति की वास्तवित राशि की क्षतिपूर्ति |

9. निविदा मान्य होने की स्थिति में निविदा कर्ता को दस कार्य दिवसों के अंदर विश्वविद्यालय प्रशासन के साथ एक अनुबंध करना होगा जिसमें निविदा कर्ता के दायित्व होगे एवं कार्य सफलतापूर्वक/संतोषजनक न पाये जाने की स्थिति में शास्ति का उल्लेख भी होगा। यह अनुबंध, कार्य आदेश तिथि से दो वर्ष की अवधि के लिये प्रभावी होगी। सुरक्षा ऐजेन्सी द्वारा दी जाने वाली सुरक्षा व्यवस्था कार्यावधि के दौरान संतोषजनक पाये जाने पर कार्य अवधि आपसी सहमति से अधिकतम 5 वर्षो तक बढ़ाया जा सकता है। मान्य निविदाकर्त्ता को धरोहार राशि रू. 2 लाख होगी अतः उसे अंतर राशि अनुबंध अनुसार जमा करनी होगी।

10. निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात् प्राप्त होने वाले निविदाओं पर किसी भी परिस्थिति में विचार नही किया जावेगा।

11. विश्वविद्यालय द्वारा चाही गयी अमानत राशि एवं आवश्यक विवरण के अभाव में प्राप्त निविदाएं निरस्त मानी जावेगी।

12. निविदा निर्धारित तिथि एवं समय पर विश्वविद्यालय कार्यालय में खोली जावेगी। निविदा खोलने समय निविदाकर्ता स्वयं अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित हो सकते हैं।

13. कुलसचिव, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल के पास किसी निविदा अथवा समस्त निविदाओं को अपने विवेक से बिना कोई कारण बताए निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

14. यदि एक बार सफल निविदाकर्ता को विश्वविद्यालय द्वारा सुरक्षा ठेके का प्रस्ताव दिया जाता है एवं संबंधित निविदाकर्ता अपने निविदा निष्पादित करने में असफल होता है अथवा निविदा वापस लेना चाहता है तो ऐसी दशा में उनके द्वारा जमा की गई अमानत राशि विश्वविद्यालय द्वारा जप्त कर ली जावेगी।

15. म.प्र. श्रम कल्याण मंडल अधिनियम 1982 में अंशदान अदायगी वित्त वर्ष 2012–13 से अथवा उसके पूर्व की होना आवश्यक है एवं पिछले वर्षों के अंशदान अदायगी का प्रमाण पत्र संलग्न करने वाली संस्थाओं को प्राथमिकता दी जायेगी।

16. एजेंसी द्वारा उपलब्ध कराये जाने वाले सुरक्षा कर्मी की आयु 60 वर्ष से अधिक नही होना चाहिए एवं उनका स्वास्थ्य संबंधी प्रमाण पत्र निविदा मान्य होने पर संलग्न करना अनिवार्य है।

17. निविदाए बिना किसी शर्त के दिये जायेगें। किसी भी प्रकार की शर्त के आधार पर दी गई निविदाओं को अस्वीकार कर दिया जावेगा।

18. निविदा मान्य होने पर सुरक्षा कर्मी की जानकारी जैसे – पुलिस, आर्मी, पैरामिलिट्री या विशेष ट्रेनिंग होने का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा ।

19. निविदाकारों की समान दर या न्यूनतम दर का परीक्षण समिति द्वारा करने के उपरांत समिति स्वविवेक से निर्णय लेने के लिये स्वतंत्र होगी। इस संबंध में किसी का दावा आपत्ति मान्य नही होगी।

20. निविदा दो वर्ष के लिये जारी की जावेगी। सुरक्षा कार्य संतोषजनक होने पर आपसी सहमति से अवधि बढ़ाई जा सकेगी। किसी भी स्थिति में यह अवधि पांच वर्ष से अधिक नही होगी।

21. कार्य की मात्रा/कार्य लागत/कार्य अवधि को कम या अधिक करने का अधिकार विश्वविद्यालय के अधीन सुरक्षित है।

22. सामान्यतः न्यूनतम दरों को मान्य किया जाता है परन्तु कुलसचिव, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय न्यनतम दर को मान्य करने बाध्य नही है । निविदा के गुण दोषों के आधार पर किसी भी निविदा को स्वीकार अथवा निरस्त करने का अधिकार रखते है । एवं इस प्रक्रिया मे निविदा कर्त्ता को होने वाली किसी भी हानि के लिए जवाबदेह नही होगें ।

23. सुरक्षा कर्मीयों द्वारा पहने जाने वाली युनिफार्म सुरक्षा एजेन्सी के अनुसार होगी । एवं इसका प्रबंध उन्हें स्वयं के व्यय पर करना होगा ।

24. सुरक्षा कर्मीयों को भोजन, परिवहन एवं अन्य सुविधाएं सुरक्षा एजेन्सी का दायित्व होगा । बरकतउल्ला विश्वविद्यालय की यह जिम्मेदारी नही होगी ।

25. सुरक्षा कर्मीयों के इन्सुरेन्स की जिम्मेदारी सुरक्षा एजेन्सी की होगी । बरकतउल्ला विश्वविद्यालय सुरक्षा कर्मीयों के साथ कोई हुई दुर्घटना अथवा नुकसान का जिम्मेदार नही होगा ।

26. सुरक्षा एजेन्सी को विश्वविद्यालय परिसर में आने जाने वाले वाहनों, व्यक्तियों, कर्मचारियों, वस्तुओं एवं सम्पत्ती के संबंध में सुचनाएं निर्धारित प्रपत्र में सन्धारित करनी होगी । जो प्रतिमाह कुलसचिव बरकतउल्ला विश्वविद्यालय को सौंपी जानी चाहिए ।

27. सभी सुरक्षा कर्मीयों का बॉयोडाटा नवीनतम रंगीन पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ के साथ सुरक्षा एजेन्सी अपने स्वयं के व्यय पर कुलसचिव बरकतउल्ला विश्वविद्यालय को सौंपेगी ।

28. कुलसचिव बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के मांगे जाने पर सुरक्षा एजेन्सी अपने रिकार्ड जांच एवं सत्यापन के लिए प्रस्तुत करेगी ।

29. सुरक्षा एजेन्सी की जिम्मेदारी होगी कि वह सुरक्षा कर्मीयों का प्रोविडेन्ट फंड ESIC contribution एवं अन्य सरचार्ज नियमानुसार जमा करेगें । एवं इसकी सत्यापित प्रति आगामी माह के बिल के साथ प्रस्तुत करेगें । इसके अभाव में भुगतान कार्यवाही नही की जावेगी ।

30. सुरक्षा एजेन्सी द्वारा दी गई जानकारी एवं प्रमाण पत्रों के गलत पाये जाने पर सुरक्षा एजेन्सी के विरुद्ध विश्वविद्यालय नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी ।

//घोषणा//

मेरे द्वारा उपरोक्त दी गई जानकारी बिन्दु 1 से 31 तक ध्यानपूर्वक देख ली गई है एवं मैं इससे सहमत हूं।

हस्ताक्षरः ..........................

नाम : ..........................

पद : ..........................

पता : ..........................

सील : ..........................

# बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, होशंगाबाद रोड, भोपाल

## लिफाफा 'स' में रखें

## विश्वविद्यालय परिसर के सुरक्षा व्यवस्था हेतु वित्तीय निविदा प्रपत्र

निविदाकर्त्ता द्वारा दी गई कोटेशन की दर कार्यालय कलेक्टर जिला –भोपाल मध्यप्रदेश द्वारा दैनिक वेतन भोगी श्रमिकों एवं कर्मचारियों हेतु जारी आदेश मे उल्लेखित दरों से कम नही होना चाहिये एवं निविदा जारी होने की तिथि पर लागू दरों से कम नही होना चाहिए। चूंकि उपरोक्त दरें समय–समय पर पुनरीक्षित की जाती है अतः सुरक्षा अनुबन्ध की अवधि में किसी भी समय देय दरें कार्यालय कलेक्टर जिला –भोपाल मध्यप्रदेश द्वारा मान्य दरों से कम नहीं होगी इस हेतु अनुबंध कर्त्ता द्वारा बढी हुई दरों का आदेश प्रस्तुत करने पर विश्वविद्यालय तदनुसार भुगतान करने बाध्य होगा ।

| क्र0 | विवरण | रूपये के गुणांक की राशि में मासिक दर सभी कर एवं सर्विस चार्ज सहित |
|---|---|---|
| 1 | निविदाकर्त्ता संस्थान का नाम | |
| 2 | एक सुरक्षाकर्मी की प्रस्तावित मासिक दरें (भविष्य निधि अंशदान, ई0एस0आई0 अंशदान, सर्विस चार्ज एवं सर्विस टेक्स इत्यादि जोड़कर) श्रम विभाग द्वारा जारी न्यूनतम मजदूरी के अनुसार | |
| 3 | एक सुपरवाईजर की प्रस्तावित मासिक दरें (भविष्य निधि अंशदान, ई0एस0आई0 अंशदान, सर्विस चार्ज एवं सर्विस टेक्स इत्यादि जोड़कर) श्रम विभाग द्वारा जारी न्यूनतम मजदूरी के अनुसार | |

निविदाकर्त्ता यदि उपर्युक्त बिन्दु में दर्शाये उपबन्ध को अतिक्रमण करते हुए कम दरें कोट करता है तो ऐसी निविदा को संक्षेपत रूप से बिना कोई कारण बताए अस्वीकार कर दिया जाएगा एवं उस पर किसी प्रकार का कोई विचार नहीं किया जाएगा।

हस्ताक्षरः ..............................

नाम : ..............................

पद : ..............................

पता : ..............................

सील : ..............................

प्रपत्र – 1

शपथ पत्र का प्रारूप

(रू0 100/- के गैर न्यायिक मुद्रांक/नॉन ज्यूडीशियल स्टाम्प पर प्रस्तुत करें)

मैं ———————————— पत्र/पुत्री ———————— उम्र ———————— पता ———————————————————— शपथ पूर्वक निम्नलिखित कथन करता हूं कि :-

1. मैं निविदाकर्ता संस्था ————————(फर्म/कम्पनी/समिति का नाम) का ———————————— (एकल स्वामी/साझेदार/संचालक/मैनेजर/अधिकृत प्रतिनिधि) हूं तथा यह संस्था वर्तमान में वैद्यानिक रूप से पंजीकृत है। जिसके पंजीकृत कार्यालय का पता ———————————— है ।
2. मैंने निविदा प्रपत्र को पूर्ण रूप से पढ़ एवं समझ लिया है तथा उसमें वर्णित समस्त शर्तें मुझे तथा मेरी संस्था को मान्य हैं ।
3. निविदा में वर्णित सभी कार्यों को सम्पादित करने के लिए मेरे/मेरी संस्था के पास समस्त आवश्यक वैद्यानिक अनुज्ञप्तियां, पंजीकरण तथा स्वीकृतियां प्राप्त है।
4. मेरे/मेरी संस्था द्वारा निविदा प्रपत्र में दी गई सभी जानकारियॉं पूर्णतः सत्य एवं प्रामाणिक है किसी भी जानकारी के असत्य पाये जाने पर मेरे/हमारे द्वारा प्रस्तुत निविदा निरस्त किया जाना मान्य होगा तथा हमारे द्वारा जमा की गई सुरक्षा निधि एवं परफॉरमेंस गांरटी बरकतउल्ला विश्वविद्यालय द्वारा जप्त किया जाना मुझे/हमारी संस्था को मान्य होगा।

स्थान ————————————

दिनांक ————————————

शपथगृहीता

नाम ————————————

पता ————————————

1. गवाह नाम पता ————————————
2. गवाह नाम पता ————————————

प्रपत्र - 2

## अंकेक्षित लेखों का सारांश

(रू0 100/- के नॉन ज्यूडीशियल स्टाम्प पर प्रस्तुत करें)

प्रमाणित किया जाता है कि मेसर्स ______________________ पता ______________________ के विगत पांच वर्षों के अंकेक्षित लेखों एवं आयकर विभाग को प्रस्तुत आयकर विवरणियों की जांच द्वारा की गई है । अंकेक्षित लेखों के अनुसार निविदाकार का समान प्रकृति के कार्य अर्थात (सुरक्षा व्यवस्था के कार्य का) का आवर्त (टर्नओवर) इस प्रकार हैः-

| क्रमांक | वर्ष | राशि (शब्दों में) | राशि (अंकों में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 2014-15 | | |
| 2 | 2013-14 | | |
| 3 | 2012-13 | | |
| 4 | 2011-12 | | |
| 5 | 2010-11 | | |

टीपः शब्दों एवं अंकों में राशि में अंतर होने पर शब्दों की राशि को प्रामाणिक माना जाएगा।

उपर्युक्त आवर्त की गणनाएं मेरे द्वारा स्वयं जांची गई है। जिसे प्रशासन बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल की निविदा शर्तों के अनुसार वांछित शर्त के रूप में प्रमाणित करता हूं।

चार्टर्ड लेखाकार का नाम ______________________

स्थान ______________

फर्म का पदमुद्रा ______________________

दिनांक ______________

प्रपत्र – 3

# घोषणा पत्र

(श्रम कानून के अंतर्गत न्यूनतम मजदूरी का भुगतान करने के संबंध में)

मैं —————— आत्मज ——————— सुरक्षा कार्य के लिए बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल में निविदाकार हूं। मैं यह घोषित करता हूं कि हमारी संस्था द्वारा यदि बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल में कार्य किया जाएगा तो हमारी संस्था द्वारा सभी श्रम कानूनों का पालन करते हुए निर्धारित अन्य विधिक प्रावधानों के अनुरूप सुविधाएं अपने कर्मचारियों को प्रदान की जाएगी इसके संबंध में किसी भी प्रकार के कानून / नियम / विधिक प्रावधान का उल्लंघन होने पर हमारी संस्था ही उसके लिए जिम्मेदार होगी ।

स्थान ——————

दिनांक ——————

निविदाकर्त्ता के हस्ताक्षर

नाम ——————

पता ——————